# फार्म एफ–1
## ((नियम 3 (1)))
## वृहद आर्थिक ढांचा संबंधी विवरण

### अर्थव्यवस्था का विहंगावलोकन

1. राज्य के सकल घरेलू उत्पाद स्थिर भाव (वर्ष 2011–12) बाजार मूल्य पर वर्ष 2017–18 के रूपये 2,18,539 करोड़ की तुलना में वर्ष 2018–19 में रूपये 2,31,820 करोड़ अनुमानित है । कृषि एवं संबंधित (कृषि, पशुपालन, वन एवं मत्स्य पालन सम्मिलित) क्षेत्र में वर्ष 2018–18 में सकल राज्य मूल्य संवर्द्धन पिछले वर्ष 2017–18 के रूपये 36,150 करोड़ की तुलना में रूपये 37,592 करोड़ अनुमानित किया गया है । उद्योग क्षेत्र (निर्माण, विनिर्माण, खनन एवं उत्खनन, विद्युत, गैस तथा जल आपूर्ति सम्मिलित) में सकल राज्य मूल्य संवर्द्धन वर्ष 2017–18 के रूपये 97,806 करोड़ की तुलना में वर्ष 2018–19 में रूपये 1,03,050 करोड़ आंकलित किया गया है । सेवा क्षेत्र के सकल राज्य मूल्य संवर्द्धन में निरंतर वृद्धि परिलक्षित हो रही है, जो वर्ष 2017–18 के रूपये 72,791 करोड़ की तुलना में वर्ष 2018–19 में रूपये 77,838 करोड़ रही ।

### राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर स्थिर भावों (वर्ष 2011–12) पर

2. वर्ष 2017–18 में राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (बाजार मूल्य) में 5.41 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हुई है । कृषि क्षेत्र के सकल राज्य मूल्य संवर्द्धन (कृषि, पशुपालन, वन एवं मत्स्य पालन सम्मिलित) में 0.68 प्रतिशत की कमी हुई है । उद्योग क्षेत्र (निर्माण, विनिर्माण, खनन एवं उत्खनन, विद्युत, गैस तथा जल आपूर्ति सम्मिलित) में वर्ष 2016–17 की तुलना में वर्ष 2017–18 में 4.69 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हुई तथा सेवा क्षेत्र में यह वृद्धि वर्ष 2017–18 में 9.07 प्रतिशत रही ।

### राज्य का वित्त

**3.** राज्य गठन के पश्चात् प्रारंभिक वर्षो में राजस्व संग्रहण लक्ष्य के अनुरूप नहीं होने तथा नये राज्य के स्थापना संबंधी व्ययों के अधिक होने के कारण राज्य वर्ष 2003–04 तक राजस्व घाटे की स्थिति में रहा । राजस्व घाटा का प्रभाव राज्य के वित्तीय घाटे में पड़ता है, इस कारण राज्य के वित्तीय घाटे में उक्त अवधि में वृद्धि हुई ।

**4.** राज्य के राजस्व आय में वृद्धि हेतु किये गये उपायों के कारण वर्ष 2004–05 से लगातार राज्य राजस्व अधिशेष की स्थिति में रहा है । यद्यपि वर्ष 2013–14 एवं 2014–15 में राजस्व व्यय में अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि होने तथा राज्य की राजस्व प्राप्तियों में इन वर्षो

में अपेक्षित वृद्धि नहीं होने के फलस्वरूप राजस्व घाटे की स्थिति निर्मित हुई । वर्ष 2015-16 से 2017-18 तक पुनः बेहतर वित्तीय प्रबंधन से राजस्व अधिशेष रहा ।

## संभावनाएं

**5.** वर्ष 2018-19 के अग्रिम अनुमानों में कृषि एवं संबंधित क्षेत्र (कृषि, पशुपालन, वन एवं मत्स्य पालन सम्मिलित) में स्थिर भावों (वर्ष 2011-12) पर सकल राज्य मूल्य संवर्द्धन में वर्ष 2017-18 की तुलना में 3.99 प्रतिशत वृद्धि की सम्भावना है । इसी प्रकार उद्योग क्षेत्र (निर्माण, विनिर्माण, खनन एवं उत्खनन, विद्युत, गैस तथा जल आपूर्ति सम्मिलित) में वर्ष 2018-19 में 5.36 प्रतिशत की वृद्धि संभावित है । सेवा क्षेत्र में गत वर्ष की तुलना में 6.93 प्रतिशत की वृद्धि सम्भावित है । **सकल राज्य घरेलू उत्पाद बाजार मूल्य में गत वर्ष 2017-18 की तुलना में वर्ष 2018-19 के अग्रिम अनुमान अनुसार 6.08 प्रतिशत वृद्धि होने की सम्भावना है ।**

**6. वर्ष 2018-19 के अग्रिम अनुमान अनुसार प्रति व्यक्ति आय रूपये 96,887 अनुमानित है, जो पिछले वर्ष 2017-18 के रूपये 89,813 की तुलना में 7.88 प्रतिशत वृद्धि अनुमानित है ।**

**फार्म एफ–1 (निरंतर)**

**वृहद आर्थिक रूपरेखा विवरण**

**आर्थिक कार्य निष्पादन : एक दृष्टि**

**सारणी 1: चुनिंदा व्यापक आर्थिक और राजकोषीय संकेतकों की प्रवृत्ति**

| | निरपेक्ष मूल्य ( ₹ करोड़ में) | | | | प्रतिशत परिवर्तन | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2015-16 | 2016-17(P) | 2017-18(Q) | 2018-19(A) | 2017-18(Q) | 2018-19(A) |
| **वास्तविक क्षेत्र** | | | | | | |
| 1. बाजार मूल्य पर सकल घरेलू उत्पाद | | | | | | |
| (क) प्रचलित भावों पर | 227383 | 254722 | 284194 | 311660 | 11.57 | 9.66 |
| (ख) स्थिर भावों पर 2011–12 के मूल्य पर | 191020 | 207326 | 218539 | 231820 | 5.41 | 6.08 |
| 2. कृषि क्षेत्र | 30921 | 36397 | 36150 | 37592 | -0.68 | 3.99 |
| 3. उद्योग क्षेत्र | 84993 | 93421 | 97806 | 103050 | 4.69 | 5.36 |
| 4. सेवा क्षेत्र | 64668 | 66736 | 72791 | 77838 | 9.07 | 6.93 |
| | | | | | | |
| | **2017-18 (लेखा)** | **2018-19 (बजट अनुमान)** | **2018-19 (पुनरीक्षित अनुमान)** | **2019-20 (बजट अनुमान)** | **प्रतिशत परिवर्तन** | |
| | | | | | 2018–19 | 2019–20 |
| **सरकार की वित्तीय स्थिति** | | | | | | |
| **1. राजस्व प्राप्तियां (2+3)** | **59647.08** | **72867.97** | **74028.49** | **79746.00** | **24.11** | **9.44** |
| **2. कर राजस्व (2.1+2.2 )** | **40649.49** | **48984.97** | **46415.49** | **50847.00** | **14.18** | **3.80** |
| 2.1 राज्य के स्वयं के कर राजस्व | 19894.68 | 26030.00 | 22140.00 | 22930.00 | 11.29 | -11.91 |
| 2.2 केन्द्रीय करों में राज्यों का अंश | 20754.81 | 22954.97 | 24275.49 | 27917.00 | 16.96 | 21.62 |
| **3. करेतर राजस्व (3.1+3.2 )** | **18997.59** | **23883.00** | **27613.00** | **28899.00** | **45.35** | **21.00** |
| 3.1 राज्य के करेतर राजस्व | 6340.42 | 8170.00 | 8200.00 | 8825.00 | 29.33 | 8.02 |
| 3.2 केन्द्र के अंतरण | 12657.17 | 15713.00 | 19413.00 | 20074.00 | 53.38 | 27.75 |
| **4. पूंजीगत प्राप्तियां (5+6+7)** | **7251.90** | **10228.16** | **12998.66** | **11796.25** | **79.24** | **15.33** |
| 5. ऋणों की वसूली | 139.83 | 314.02 | 212.00 | 283.00 | 51.61 | **-9.88** |
| 6. अन्य प्राप्तियां | 3.32 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | -100.00 | - |
| 7. उधार और अन्य देनदारियां | 7108.75 | 9914.14 | 12786.66 | 11513.25 | 79.87 | 16.13 |
| **8. कुल प्राप्तियां (1+4)** | **66898.98** | **83096.13** | **87027.15** | **91542.25** | **30.09** | **10.16** |
| **9. कुल व्यय (10+11+12)** | **66600.54** | **83179.54** | **93008.78** | **90909.60** | **39.65** | 9.29 |
| 10. राजस्व व्यय | 56229.75 | 68422.90 | 80370.05 | 78594.53 | 42.93 | 14.87 |
| 11. पूंजीगत व्यय | 10370.79 | 14756.64 | 12638.73 | 12315.07 | 21.87 | -16.55 |
| 12. आकस्मिकता निधि में विनियोजन | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | | |
| 13. ब्याज भुगतान (राजस्व व्यय में शामिल) | 3298.33 | 3747.45 | 3816.09 | 4489.00 | 15.70 | 19.79 |
| **14. राजस्व घाटा (10-1)** | **-3417.33** | **-4445.07** | **6341.56** | **-1151.47** | **-285.57** | **-74.10** |
| **15. राजकोषीय घाटा [9-(1+5+6)]** | **6810.31** | **9997.55** | **18768.29** | **10880.60** | **175.59** | **8.83** |
| **16. प्रारंभिक घाटा (15-13)** | **3511.98** | **6250.10** | **14952.20** | **6391.60** | **325.75** | **2.26** |